आदेश की क्रम सं0 और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी और तारीख सहित
1	2	3

न्यायालय अन्तर्गत अनुमण्डल पदाधिकारी,राजमहल।

पी0प्र0 वाद सं0– 22/2018–19

आवेदक– मुगली पहाड़िन

बनाम

16 आना रैयत, मौजा– भीठापहाड़

आदेश

19.7.19 आवेदिका द्वारा दिनांक 28.02.19 को आवेदन दाखिल कर मौजा भीठापहाड़ के रिक्त प्रधानी पद पर नियुक्त करने का अनुरोध किया गया है। दाखिल आवेदन पत्र की जाँच हेतु अंचल अधिकारी, तालझारी को आवेदन पत्र की छाया प्रति भेजी गयी एवं 16 आना रैयतों से अनापत्ति आमंत्रित हेतु को विधिवत नोटिस निर्गत किया गया।

नोटिस तामिला प्राप्ति के पश्चात आवेदिका ने आवेदन समर्पित कर मौजा के पूर्व बहाल प्रधान लोबीन पहाड़िया, पिता– स्व0 गंगा पहाडिया की मृत्यू दिनांक 24.12.2018 को होने पश्चात आवेदिका मुगली पहाडिन ने अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल को आवेदन देकर प्रधानी पद पर नियुक्ति हेतु अनुरोध किये है। आवेदिका मुगली पहाड़िन पूर्व बहाल प्रधान लोबीन पहाडिया की पत्नी हैं तथा पूर्व प्रधान के मृत्यू के उपरांत कार्यवाहक प्रधान के रूप में कार्य कर रही है। मौजा के 16 आना रैयतों को भी आवेदिका के प्रधान पद पर नियुक्ति से कोई आपत्ति नहीं है।

अंचल अधिकारी, तालझारी ने अपने पत्रांक 339/रा0, दिनांक 16.05.2019 से जाँच प्रतिवेदन प्राप्त। अंचल अधिकारी ने अपने जाँच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किये हैं कि आवेदिका मुगली पहाडिन, पति– स्व0 लोबीन पहाडिया, सा0– पतनीबोना पहाड, थाना– तीनपहाड़ से प्राप्त आवेदन पत्र एवं प्रस्तुत कागजातों का अवलोकन कर मौजा भीठापहाड़ के पूर्व बहाल प्रधान लोबीन पहाडिया के मृत्यू उपरांत आवेदिका मुगली पहाडिन को प्रधानी पद नियुक्ति हेतु 16 आना रैयतो के अनापत्ति के अभाव में अनुशंसा किये है, जो कि पूर्व प्रधान स्व0 लोबीन पहाडिया की पत्नी है।

अतएव अंचल अधिकारी, तालझारी के जाँच प्रतिवेदन एवं मौजा के 16 आना रैयतों की अनापत्ति के अभाव में आवेदिका मुगली पहाडिन को पूर्व प्रधान स्व0 लोबीन पहाडिय के स्थान पर संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत प्रधान के पद पर नियुक्ति किया जाता है। कबुलियत दाखिल करें। तत्पश्चात पट्टा निर्गत किया जायेगा।

आदेश की प्रति अंचल अधिकारी, तालझारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजें।

लेखापित एवं संशोधित।

(हस्ताक्षर)

अनुमंडल पदाधिकारी
राजमहल

ज्ञापांक 292
दिनांक 2?

(हस्ताक्षर)

अनुमंडल पदाधिकारी,
राजमहल

Scanned with CamScanner